वेबसाईट : www.abvp.org
पंजिकृत क्रमांक : S-385/1949-50

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय– 3, मार्बल आर्च, सेनापती बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016.
दूरभाष :(022) 24306321 / 24378866 फैक्स :24313938 ई–मेल : abvpkendra@gmail.com

दिनांक : 10 अप्रैल 2020

-: प्रेस विज्ञप्ति :-

COVID पर मंत्री समूह की संस्तुति पर प्रधानमंत्री को सुझाव प्रेषित

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने केंद्र सरकार द्वारा कोरोना वायरस (COVID -19) से निपटने के लिये केंद्रीय मंत्रियो के समूह की संस्तुतिओं (recommendations) पर अपने सुझाव प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को प्रेषित किये हैं।

केन्द्रीय मंत्रियों की इस समिति की संस्तुति जिसमें "14 अप्रैल के बाद आने वाले 4 सप्ताहों तक विद्यालय, महाविद्यालय, शॉपिंग मॉल्स, धार्मिक स्थलों तथा सामाजिक आयोजनों में रोक लगाने " के कदम को अभाविप अति आवश्यक कदम मानती है। अकादमिक तथा सामाजिक जीवन में उत्पन्न होने वाली परिस्थितियों के निवारण हेतु 21- सुत्रीय सुझाव प्रस्तुत किये।

अभाविप ने विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों की प्रवेश परीक्षा की तिथि तथा शोधार्थियों के शोध जमा करने की तिथि को आगे बढ़ाने, स्थिति सामान्य होने पर 15 मई के पश्चात अविलंब कक्षाएँ चलाकर परीक्षा लेने आदि तथा सामाजिक जीवन के संदर्भ में जनजातीय क्षेत्र में रहने वाले तथा दिहाड़ी मजदूरी करने वालों की आय के विषय में उचित विचार करना, अनाज व आवश्यक सामान के वाहनों की आवाजाही तथा चालकों की सुरक्षा पर विचार करने संबंधी आदि मुद्दों पर ज्ञापन प्रेषित किया गया।

अभाविप की राष्ट्रीय महामंत्री सुश्री निधि त्रिपाठी ने कहा कि, "कोरोना वायरस के संक्रमण को बढ़ने से रोकने के लिये आवश्यक है कि सार्वजनिक एकत्रीकरण के स्थानों को आगामी 15 मई तक बंद रखा जाये साथ ही इस तालाबन्दी के समय में विद्यार्थियों की शिक्षा बाधित न हो और विद्यार्थियों के इस अकादमिक सत्र की समस्याओं का समयुचित निवारण किया जाए।

(यह प्रेस विज्ञप्ति केन्द्रीय कार्यालय मंत्री नीरज चौधरकर द्वारा जारी की गई है।)